प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा आयोजित 'व्यवस्था परिवर्तन एक संकल्प–आगाज नए युग का' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलता साथ–साथ चलती है, लेकिन चुनौतियों से विचलित नहीं होना चाहिए और कड़ी मेहनत से सफलता निश्चित प्राप्त होती है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और वह भी इसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। यहां से निकले छात्रों ने पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य में कई बदलाव आए हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम प्रदेश के लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है, जिसे वंचित वर्ग के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है।

पृथ्वी दिवस

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है. **हमारी शक्ति हमारा ग्रह।** इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की समस्याओं के बारे में जागरूक करना है। यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के बाद पहली बार पृथ्वी दिवस की शुरुआत वर्ष 1970 में अमेरिका में हुई थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पृथ्वी जीवन का पोषण करती है और विकास तथा उद्भव के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखती है। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार अटूट वचनबद्धता के साथ सतत विकास के लिए वैश्विक पहल का नेतृत्व कर रही है। गृहमंत्री ने पृथ्वी को बेहतर बनाने के लिए अथक परिश्रम करने वाले संरक्षणवादियों के प्रयासों की भी सराहना की।

अशोक गहलोत

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकार केंद्रीय एजेंसियों ईडी, सीबीआई का प्रयोग कर झूठे मामले बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की विरासत को बचाने का काम किया है और गांधी परिवार का देश की आजादी में अहम योगदान रहा है। अशोक गहलोत ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से विपक्ष की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता और भाजपा विपक्षी पार्टियों को दुश्मन की तरह देख रही है जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

स्वच्छ शहर–समृद्ध शहर'

प्रदेश के शहरी विकास विभाग द्वारा संचालित 'स्वच्छ शहर–समृद्ध शहर' अभियान में सोलन नगर निगम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि ने सोलन को स्वच्छता और विकास के क्षेत्र में एक नया मुकाम दिलाया है। शहरी विकास विभाग ने 60 दिनों की अवधि में इस अभियान को शुरू किया था, जिसमें सभी नगर निकायों को अपने क्षेत्र में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, और नागरिक सेवाओं को बेहतर करने के लिए कार्य करना था। सोलन नगर निगम की महापौर ऊषा शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि निगम के कर्मचारियों और शहरवासियों की कड़ी मेहनत व सहयोग का परिणाम है। उन्होंने लोगो से बाहर कूड़ा न फैंकने का आग्रह भी किया ताकि भविष्य में भी सोलन स्वच्छता में अव्वल बना रहे।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार अथवा विषयों को लेकर लोग 25 अप्रैल तक प्रधानमंत्री को संदेश व सुझाव भेज सकते हैं।

———————————————————————